>

Title: Situation arising out of heavy rains in Himachal Pradesh.

डॉ. राजन सुशान्त (कांगड़ा): धन्यवाद सभापति महोदय, हिमाचल प्रदेश में आज कल काफी ज्यादा मॉनसून हो रहा है। उसके कारण हमारे दो जलाशयों, भाखड़ा बांध और पौंग बांध का पानी सीमा से बहुत ऊपर आ गया है। वहां बांध एथॉरिटी निरन्तर जल छोड़ रही है जिससे निचले क्षेत्रों के लोग प्रभावित हुए हैं। उनके जान और माल पर भारी खतरा बना हुआ है। वर्ष 1988 में भी इसी तरह से हुआ था जब लोगों को तीन-तीन दिन वृक्षों पर अपनी जान बचाने के लिए रहना पड़ा था। सेना के हेलिकॉप्टरों का प्रयोग कर उनको वहां से निकाला गया था। आज वही स्थिति वहां पैदा हो रही है। इसलिए मैं सरकार से प्रार्थना करता हूं कि तुरन्त उपाए किए जाएं और भविष्य में इस समस्या का परमानेन्ट सॉल्यूशन निकाल जाए। धन्यवाद।